फाइल सं0 6/20/एनसीएससी/2011-समन्वय प्रको-ठ

भारत सरकार

**रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**

पांचवीं मंजिल, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003
**दिनांक:** 18 **जनवरी**, 2012

**वि-ायः राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 24वीं बैठक का कार्यवृत्त ।**

रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की **दिनांक 02-01-2012 को अपराह्न** 12.30 **बजे** आयोजित 24**वीं बैठक** के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति इसके साथ सूचनार्थ अग्रेषित की जाती है ।

**(मंगत राम बाली)**
**निदेशक**

1. डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष
2. श्री राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष
3. श्री राजू परमार, सदस्य
4. श्री एम. शिवाना, सदस्य
5. श्रीमती लता प्रियाकुमार, सदस्य

सचिव के निजी सहायक/ संयुक्त सचिव के निजी सचिव

**निम्नलिखित अधिकारियों को कार्यवृत्त की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि वे बैठक में लिए गए निर्णयों पर 3 दिन के भीतर कार्रवाई करें :-**

1. श्री मंगत राम बाली, निदेशक (प्रशासन/समन्वय प्रकोष्ठ/एपीसीआर)
2. श्री आर.डी. चन्द्रहास, निदेशक(ईएसडीडब्ल्यू)
3. श्रीमती वीना भगत, वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव एवं शाखा अधिकारी (एसएसडब्ल्यू)

**(मंगत राम बाली)**
**निदेशक**

## रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 02-01-2012 को अपराह्न 12.30 बजे आयोजित 24वीं बैठक का कार्यवृत्त ।

1. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 24वीं बैठक दिनांक 02-01-2012 को अपराह्न 12.30 बजे डॉ. पी.एल. पुनिया, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित की गई थी ।

1.1 **उपस्थित सदस्यः**

- i) डॉ. राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष
- ii) श्री राजू परमार, सदस्य

2.2 **उपस्थित अधिकारीः**

- i) डॉ. श्याम अग्रवाल, सचिव
- ii) श्री टी. तीथन, संयुक्त सचिव
- iii) श्री आर.डी. चन्द्रहास, निदेशक
- iv) श्री एम.आर. बाली, उप सचिव
- v) श्री जगजीत सिंह, अध्यक्ष के अपर निजी सचिव

2. माननीय अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी ।

3. विचार-विमर्श के बाद निम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

3.1.1. **एससीएसपी निधिः** उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट की एक प्रति परिचालित की जानी चाहिए । इसी प्रकार का अध्ययन अन्य सभी राज्यों में भी करने की आवश्यकता है ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(ईएसडीडब्ल्यू)**

3.1.2. राज्य सरकार से अनुसूचित जाति विकास के लिए चल रही योजनाओं के बारे में पूछा जाए ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(ईएसडीडब्ल्यू)**

3.2. उपर्युक्त एससीएसपी रिपोर्टों का अनुसरण करते हुए राज्यों/सरकारी संगठनों की एनसीएससी समीक्षा के लिए इस समय गृहित प्रश्नावली को आशोधित किया जाना चाहिए ।

**(कार्रवाईः समन्वय प्रकोष्ठ)**

3.3. **अनुसूचित जातियों की सामान्य (एकल) सूचीः** पूरे भारत में अनुसूचित जाति की एक सामान्य सूची होने की व्यावहार्यता का विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है । एक सेमिनार शीघ्र आयोजित किया जाए ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(एसएसडब्ल्यू)**

3.4. **प्रवासी अनुसूचित जातियों पर अध्ययनः** प्रवासियों से संबंधित समिति की रिपोर्ट को केवल जाति प्रमाण-पत्र जारी करने तक ही सीमित रखा जाना चाहिए । इससे उच्चतम न्यायालय के निर्णय और भारत सरकार के वर्ष 1978 के आदेश से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों पर काबू पाने के स्पष्ट उपाय निकलने चाहिएं ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(एसएसडब्ल्यू)**

3.5. हाथ से सफाई करने और न्यायपालिका में आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर समिति की रिपोर्टों को आयोग में परिचालित किया जाए । इन्हें उपर्युक्त मुद्दों पर सुझावों को सम्मिलित करने के बाद मुद्रित करवाया जाए ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(समन्वय प्रकोष्ठ)**

3.6. **वर्ष 2010-11 की वार्षिक रिपोर्टः** आयोग की वर्ष 2010 (भाग) और वर्ष 2011 की वार्षिक रिपोर्टें देय हैं । वर्ष 2010 (भाग) की वार्षिक रिपोर्ट निश्चित रूप से 15-01-2012 तक पूर्ण हो जानी चाहिए ।

**(कार्रवाईः संयुक्त सचिव(समन्वय प्रकोष्ठ)**

3.7. अत्याचार निवारण तथा नागरिक अधिकार संरक्षण स्कंध पर निम्नलिखित मुद्दों का विश्लेषण किया जाएः

(क) क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 4 की कार्यवाही को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट के लिए न्यायिक आदेशों में आवश्यक सहवर्ती/समक्षणिक बनाया जाए ?

(ख) क्या 'न्यायालय का अनुमान' संबंधी कार्यवाही को सिविल न्यायालय की शक्ति होते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा आरम्भ किया जा सकता है ?

**(कार्रवाईः निदेशक(आर.डी.सी.)**

3.8. **शिकायत मॉनीटरिंग सूचना प्रणालीः** शिकायत मॉनीटरिंग सूचना प्रणाली को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान-केन्द्र के परामर्श से ज्यों ही संभव हो, अधिकृत किया जाना चाहिए ।

**(कार्रवाईः सचिव)**

3.9. **कार्यालय परिसर का नवीकरणः** चूंकि नया परिसर शीघ्र उपलब्ध होने की संभावना नहीं है अतः नवीकरण के लिए कार्रवाई प्रारंभ की जाए ।

**{कार्रवाईः उप सचिव (सामान्य प्रशासन अनुभाग)}**

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई ।